

## इजराइली ऐक्टर त्साही हलेवी ने गाया हिंदी गाना, वायरल हुआ वीडियो

पॉप्युलर इजराइली वेब सीरीज फौदा फेम ऐक्टर त्साही हलेवी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इजराइल के 74वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऐक्टर ने हिंदी में गाना गाकर हर किसी का दिल जीत लिया है। मामला दिल्ली का है, जहां ऐक्टर त्साही हलेवी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म याराना का गाना यारा तेरी यारी को, मैंने तो खुदा माना गाया। इसके साथ ही उन्होंने तमाली माक सॉन्ग की भी कुछ लाइनें गुनगुनाईं। उनका वीडियो खूब देखा और सराहा जा रहा है। दिल्ली के इजराइल दूतावास में 74वें स्वंत्रा दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान 'फौदा' फेम त्साही हलेवी ने गिटार के साथ स्टेज पर हिंदी फिल्म का गाना गाया। यह मौका इजराइल के स्वतंत्रता दिवस के साथ ही भारत और इजराइल के बीच 30 साल के राजनयिक दोस्ती के जश्न का भी था। त्साही पहली बार भारत आए हैं। वेब सीरीज फौदा की पॉप्युलैरिटी हिंदुस्तान में भी खूब है। इस सीरीज के अब तक चार सीजन आ चुके हैं। बुधवार को वह इस समारोह से पहले मीडिया से भी रूबरू हुए थे।

## अस्पताल से डिस्चार्ज हुईं मुमताज, 25 साल पुराने ब्रेस्ट कैंसर ट्रीटमेंट ने दिया दर्द

बॉलिवुड की वेटरन ऐक्ट्रेस मुमताज मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो गई हैं। उन्हें डायरिया होने के बाद हॉस्पिटल में ऐडमिट कराया गया था, जहां 7 दिनों तक उनका ट्रीटमेंट चला। अब उन्होंने अपनी हेल्थ को लेकर अपडेट दिया है। साथ ही ये भी खुलासा किया है कि उनकी स्किन की वजह से उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ी। मुमताज के एक हफ्ते तक एक हाथ पर ड्रिप लगी रही थी। दूसरे हाथ का इसलिए इस्तेमाल नहीं हो पाया, क्योंकि सालों पहले ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के दौरान उनके लेफ्ट हैंड से लिम्फ नोड्स हटा दिए गए थे। 74 साल की मुमताज मूल रूप से ईरान की रहने वाली हैं। वो कई हिट फिल्मों का हिस्सा रही हैं। इनमें ब्रह्मचारी, राम और श्याम, आदमी और इंसान और खिलौना जैसी फिल्में शामिल हैं। उन्होंने साल 1974 में बिजनसमैन मयूर माधवानी से शादी की थी। दोनों की दो बेटियां हैं। अपनी हेल्थ के बारे में बात करते हुए मुमताज ने कहा, ये डायरिया का अचानक हमला था, जो सबसे अच्छी दवा के बाद भी बंद नहीं हुआ। इसलिए हॉस्पिटल में ऐडमिट होने की जरूरत थी।

## अजय देवगन की बेटी नीसा लंदन में यूं कर रही हैं इंजॉय





अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन उन स्टार किड्स में से हैं, जो अक्सर चर्चा में रहती हैं। अभी वो फिल्मों से दूर हैं, लेकिन 19 साल की उम्र में ही उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। सोशल मीडिया पर उनकी फोटोज देखते ही देखते वायरल हो जाती हैं और उनका स्टाइल भी किसी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस से कम नहीं है। उनका एक–एक पोज कातिलाना होता है और उनकी अदाएं फैंस का दिल चुरा लेती हैं। नीसा इस समय लंदन में हैं और दोस्तों संग जमकर पार्टी कर रही हैं। वैसे तो पहले से ही उनके कई वीडियो और फोटोज इंटरनेट पर छाए हुए हैं, लेकिन अब उन्हें हॉलिवुड की फेमस सिंगर दुआ लीपा के कॉन्सर्ट में देखा गया। उनकी फोटोज को देख जाह्नवी कपूर भी खुद को OMG कहने से नहीं रोक पाईं। इस पोस्ट को देखने के बाद जाह्नवी कपूर ने भी कमेंट किया है। उन्होंने लिखा, ओ माय गॉड Orhan ने पोस्ट किया है। वहीं, ऐक्टर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी ने भी कमेंट किया। इस फोटो पर फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक ने लिखा, ओएमजी! क्या ये नीसा है? अजय देवगन और काजोल की शादी साल 1999 में हुई थी। साल 2010 में काजोल ने बेटी नीसा को जन्म दिया था। इसके बाद 2013 में वो बेटे युग की मां बनीं। इनके दोनों बच्चे लाइमलाइट में रहते हैं। अजय और काजोल अक्सर सोशल मीडिया पर बच्चों की फोटोज शेयर करते हैं।

# एंबर हर्ड को कोर्ट में बिलखता देख कांप जाएगी रूह



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हॉलिवुड स्टार जॉनी डेप और एंबर हर्ड अपने केस के कारण पूरी दुनिया की सुर्खियों में हैं। जॉनी डेप ने अपनी एक्स वाइफ एंबर हर्ड के खिलाफ 50 मिलियन डॉलर का मानहानि का केस दर्ज किया है। इस मामले की सुनवाई चल रही है और जॉनी डेप और उनके गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद अब एंबर हर्ड और उनकी तरफ से पेश होने वाले गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। गुरुवार को एंबर जब बयान देने आईं तो अपने साथ हुई यौन हिंसा की घटनाएं बताते हुए फफक–फफक कर रोने लगीं।

**शादी के सिर्फ एक महीने बाद हुई हिंसा**

एंबर हर्ड ने बताया कि उनके पूर्व पति जॉनी डेप ने यौन हिंसा करने के अलावा उन्हें धमकाया था कि वह टूटी हुई बोतल से उनका चेहरा बिगाड़ देंगे। एंबर के मुताबिक यह घटना उनकी शादी के सिर्फ एक महीने बाद की है। दूसरे दिन बयान देते हुए एंबर ने अपने साथ हिंसा की कई घटनाएं कोर्ट के सामने बताईं। ये घटनाएं मार्च 2015 में ऑस्ट्रेलिया में घटित हुई थीं जब जॉनी डेप अपनी फेमस सीरीज पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन की पांचवी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे।

**जहनी ने फाड़ दिया मेरा नाइटगाउन और फिर...**

एंबर ने अपने बयान में कहा, उसने (जॉनी डेप) ने मेरे ऊपर शराब की बोतल फेंकी। शुक्र था कि मैं उससे बच गई। जॉनी मेरे ऊपर लगातार सोडा, बीयर की बोतलें फेंक रहे थे। जॉनी मेरे ऊपर चीख रहे थे कि मैंने उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी। वह टूटी हुई बोतल से मेरा चेहरा खराब कर देंगे। रोते हुए एंबर हर्ट ने बताया कि इसके बाद जॉनी ने इसके बाद उनका नाइटगाउन फाड़ दिया और बोतल के जरिए उन पर यौन हमला किया।



**मेरे भीतर बोतल घुसा दी**

एंबर ने इस खौफनाक घटना के बारे में आगे कहा, जॉनी ने मेरे भीतर बोतल घुसा दी और उसे बुरी तरह से बार–बार रगड़ने लगे। वह मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हर्ड ने कहा कि वह किसी तरह वहां से बचकर निकल गईं। अगली सुबह जब वह अपने बेडरूम से नीचे आईं तो उन्होंने देखा जॉनी ने अपनी खून से सनी उंगली से हर जगह बेमतलब के मेसेज लिखे हुए थे। ये मेसेज घर की दीवारों, आइनों, लैंपशेड और फर्श पर लिखे हुए थे। एंबर ने अपने बयान में यह भी कहा कि उन्हें नहीं पता कि जॉनी डेप की उंगली कैसे कट गई थी।

**क्या लगाया है जहनी ने आरोप?**

बता दें कि एंबर हर्ड ने साल 2018 में अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट में एक आर्टिकल लिखा था। जॉनी डेप का आरोप है कि इस आर्टिकल में एंबर ने उनके खिलाफ घरेलू हिंसा और ड्रग अब्यूज के बेबुनियाद आरोप लगाए थे। इन आरोपों के कारण न केवल उनकी छवि खराब हुई बल्कि उन्हें कई फिल्मों से निकाल भी दिया गया। जॉनी ने इन आरोपों के बाद एंबर के खिलाफ 50 मिलियन डॉलर का मानहानि का दावा किया है। इसके जवाब में एंबर हर्ड ने भी अपने साथ घरेलू हिंसा और इमेज खराब करने के लिए जॉनी डेप के खिलाफ 100 मिलियन डॉलर का दावा ठोक दिया है।

**सिर्फ 1 साल चली जहनी और एंबर की शादी**

तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हो चुके जॉनी डेप की साल 2009 में एंबर हर्ड से फिल्म द रम डायरी के सेट पर मुलाकात हुई थी। कुछ साल डेट करने के बाद फरवरी 2015 में दोनों ने शादी कर ली। हालांकि यह शादी बहुत ज्यादा समय नहीं चली और 2016 में दोनों अलग हो गए। अगले साल 2017 में जॉनी और एंबर का तलाक हो गया। तलाक के एवज में जॉनी को 7 मिलियन डॉलर की मोटी रकम एंबर हर्ड को देनी पड़ी थी।

# सोनाली बेंद्रे ने पहना 16 साल पुराना सूट, इतना बदल गया है लुक

*सोनाली बेंद्रे बॉलिवुड की नंबर वन ऐक्ट्रेसेस में से एक रही हैं। उन्होंने हिंदी के साथ साउथ और मराठी मूवीज में भी खूब काम किया है। उन्होंने ऐक्टिंग के साथ–साथ अपनी सादगी भरी खूबसूरती से भी फैंस का दिल जीता है। कुछ साल पहले कैंसर से जंग लड़ने के बाद अब उनकी लाइफ धीरे–धीरे नॉर्मल हो गई है। वो काम पर भी लौट आई हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहती हैं। अब उन्होंने अपनी एक फोटो शेयर की है। ये तस्वीर 16 साल पुरानी है, लेकिन इसमें खास क्या है और उन्होंने इस फोटो से जुड़ा क्या किस्सा बताया है, आइये आपको बताते हैं।*



इस फोटो में सोनाली बेंद्रे हॉलिवुड ऐक्टर Pierce Brosnan के साथ नजर आ रही हैं, जो जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाने के लिए फेमस हैं। उन्होंने व्हाइट कलर का सूट पहना है। खुले बालों और सिंपल लुक में वो बेहद खूबसूरत दिख रही हैं।

**गोल्डी बहल को बताया अपना जेम्स बॉन्ड**

इसके बाद उन्होंने अगली फोटो पति गोल्डी बहल के साथ शेयर की है। वो सेम आउटफिट में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में बताया कि उन्हें फोटो बहुत अच्छी लगती हैं, क्योंकि वे बताती हैं कि कितना कुछ बदल गया है, फिर भी कुछ चीजें नहीं बदली हैं... जैसे कि मैं इस पुराने आउटफिट में फिट हो रही हूं। मैंने इसे 16 साल पहले पहना था और अब 2022 में फिर उसी ड्रेस में हूं। बहुत खुश हूं कि इस संबंध में बहुत कुछ नहीं बदला है। हालांकि, ऐक्ट्रेस ने मजाकिया अंदाज में लिखा है कि सभी लोग ध्यान दें कि 2022 में वो अपने जेम्स बॉन्ड वर्जन के साथ हैं।

**फैंस इस बात से हुए हैरान**

इस फोटो पर अभिषेक बच्चन, हुमा कुरैशी, तब्बू सहित तमाम हस्तियों ने कमेंट कर अपना प्यार लुटाया है। वहीं, फैंस इस बात से हैरान हैं कि आखिर उन्होंने इतने लंबे समय तक ड्रेस को संभाल कर कैसे रखा! एक ने लिखा, श्मैं हैरान हूं कि आपने 16 साल तक अपने वॉर्डरोब में सेम आउटफिट को संभाल कर कैसे रखा...। वहीं, कई फैंस ने उनकी खूबसूरती की भी तारीफ की है।